# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 28.11.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कर्नाटक और गोवा के दौरे पर रहेंगे।
- सांसद बिष्णु पद रे की अध्यक्षता में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में विकासीय परियोजनाओं पर चर्चा की गई।
- "आपकी पूंजी, आपका अधिकार" के तहत, आज दोपहर तीन बजे भारतीय स्टेट बैंक में विशेष सुविधा शिविर का आयोजन किया जाएगा।
- शिक्षा विभाग की ओर से आज से 24वां राज्य स्कूल खेल और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए 9वां राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कर्नाटक और गोवा के दौरे पर रहेंगे। श्री मोदी कर्नाटक के उडुपी में श्री कृष्ण मठ जाएंगे और लक्ष कंठ गीता पारायण कार्यक्रम में भाग लेंगे। वे कृष्ण गर्भगृह के सामने स्थित सुवर्ण तीर्थ मंडप का भी उद्घाटन करेंगे और पवित्र कनकना किंदी के लिए कनक कवच समर्पित करेंगे।

इसके बाद, प्रधानमंत्री मोदी, सारधा पंचाष्टमोत्सव के अवसर पर गोवा में श्री संस्थान गोकर्ण परतगली जीवोत्तम मठ के 550वें वर्ष समारोह में भाग लेंगे। श्री मोदी मठ में कांसे से बनी श्री राम की 77 फीट ऊँची प्रतिमा का अनावरण करेंगे और रामायण थीम पार्क गार्डन का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे और विशेष डाक टिकट और स्मारक सिक्का जारी करेंगे।

<><><><><><><>

वित्त मंत्रालय ने कल अक्टूबर महीने की मासिक आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में पिछले महीने के वृह्द आर्थिक विकास के बारे में जानकारी दी गई है, जो महंगाई में कमी, उपभोक्ता मांग में कमी और हाल के नीतिगत उपायों के शुरुआती फायदों से घरेलू अर्थव्यवस्था के स्थिर और मजबूत होने की ओर इशारा करते हैं। वस्तु और सेवा कर दर में कटौती और खाद्यानों की कीमतों में बड़े पैमाने पर कमी से अक्टूबर में खुदरा महंगाई दर शून्य दशमलव दो–पांच प्रतिशत के सबसे निचले स्तर पर आ गई। त्योहारों के मौसम में मांग बढ़ने से उपभोग की मांग बढ़ी है, जिसमें पेट्रोल की खपत पांच महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई और ऑटोमोबाइल खुदरा बिक्री वर्षवार 40 दशमलव 5 प्रतिशत बढ़ी। अक्टूबर में सेवा निर्यात 38

दशमलव 5 अरब डॉलर के ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गया। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि अक्टूबर में विनिर्माण खरीद सूचकांक बढ़कर 59 दशमलव 2 हो गया, जबकि सेवा सूचकांक 58 दशमलव 9 पर मज़बूत बना रहा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिले के लिए जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक कल सांसद बिष्णु पद रे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा, संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और पंचायती राज संस्थान के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में केन्द्र सरकार, द्वीप प्रशासन और स्थानीय निकाय की भूमिकाओं पर चर्चा की गई। सांसद ने दक्षिण अंडमान की विकासीय प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए सरकारी योजनाओं को समय पर पूरा करने के महत्व पर ज़ोर दिया। बैठक के दौरान पिछले पांच सालों में जिलेवार वित्तीय और भौतिक उपलब्धियों पर प्रस्तुति भी दी गई। सांसद ने सभी योजनाओं की स्थिति का समीक्षा की और अपने सुझाव दिए।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन ने 44वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 में अपने शानदार पवेलियन के लिए कई सम्मान हासिल किए। 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों, 61 केंद्रीय मंत्रालयों और 2000 से ज़्यादा एग्जिबिटर्स के बीच द्वीपसमूह का पवेलियन अपनी रचनात्मकता, प्रस्तुतिकरण और सफाई के प्रति प्रतिबद्धता के लिए सबसे अलग रहा। पवेलियन को उत्कृष्ट प्रदर्शन, स्वच्छ पवेलियन अवार्ड के साथ एक विशेष प्रशंसा मेडल से सम्मानित किया गया। इस दौरान भारत व्यापार संवर्धन संगठन के प्रबंध निदेशक मुख्य अतिथि थे। ग्रामीण विकास सचिव राजेश चोपड़ा ने यह सम्मान लिया।

<><><><><><><>

शिक्षा विभाग की ओर से आज से पहली दिसम्बर तक नेताजी स्टेडियम खेल परिसर में 24वां राज्य स्कूल खेल और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए 9वां राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार द्वारा आज शाम चार बजे किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन किए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य सचिव आज सुबह आठ बजे सचिवालय से प्रतीकात्मक मशाल जलाएंगे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन ने कहा है कि विभिन्न वीआईपी और विशिष्ट अतिथियों के दौरे के कारण आम लोगों के लिए गेस्ट हाउस और सर्किट हाउस में आवास की सुविधा अस्थाई रूप से उपलब्ध नहीं रहेगी। यह व्यवस्था पन्द्रह दिसम्बर से आगामी वर्ष 15 जनवरी तक लागू रहेगी।

<><><><><><><>

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने उच्च शिक्षा संस्थानों से समय पर परीक्षाएँ आयोजित करने और अंतिम उपाधियाँ तथा प्रमाणपत्र शीघ्र जारी करने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा कि इसमें देरी से विद्यार्थियों के अवसरों का नुकसान होता है और उन्हें उपयुक्त तथा गुणवत्तापूर्ण रोज़गार पाने में बाधा आती है। आयोग ने कहा कि विद्यार्थी शैक्षणिक कैलेंडर में निर्दिष्ट समय पर परीक्षा आयोजित करने और परिणाम प्राप्त करने के हकदार हैं। आयोग ने कहा कि विद्यार्थी परिणाम घोषित होने के 180 दिनों के भीतर डिग्री प्राप्त करने के भी हकदार हैं। यह भी कहा गया है कि नियमों का पालन न करने की स्थिति में आयोग दंडात्मक कार्रवाई करेगा।

<><><><><><><>

मत्स्य विभाग की ओर से केंद्रीय मत्स्य नौचालन एवं इंजीनियरी प्रशिक्षण संस्थान के साथ मिलकर कैंपबेल बे के मछुआरों के लिए आयोजित किए गए तीन दिवसीय "बोट इंजन का रखरखाव और मत्स्यहरण अभ्यास" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 25 मछुआरों ने हिस्सा लिया। इस दौरान प्रतिभागियों को बोट इंजन के रखरखाव, खामियों की पहचान, समस्या निवारण तकनीक और अलग–अलग टिकाऊ और कुशल मत्स्यहरण के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर निकोबार क्षेत्र के मत्स्य सहायक निदेशक ग्लोरी ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

<><><><><><><>

देश भर में शुरू हुई पहल "आपकी पूंजी, आपका अधिकार" के तहत, यूनियन टेरिटरी लेवल बैंकर्स कमेटी की ओर से आज दोपहर तीन बजे भारतीय स्टेट बैंक आरसेती के सम्मेलन कक्ष में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य नागरिकों को उनके लंबे समय से लम्बित पड़े वित्तीय स्थिति का पता लगाने और उन्हें वापस पाने में मदद करना है। इस शिविर में लोग अपने बिना दावे वाले जमा राशि, बीमा राशि और अन्य वित्तीय जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और दावा प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे।

कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक, आर बी आई, और अन्य सभी बैंकों के अधिकारी शामिल होंगे।

<><><><><><><>

**समाचार पत्रों की सुर्खियां**

44वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में अंडमान निकोबार प्रशासन के शानदार प्रदर्शन के साथ पैवेलियन को कई पुरस्कार मिलने के समाचार को **द डेली टेलीग्राम्स** और **द्वीप समाचार** से प्रमुखता से सचित्र प्रकाशित किया है। इसके अलावा अखबार ने जी एस टी 2.0 के अंतर्गत दर परिवर्तन के बावजूद नई दरों का व्यवसायियों द्वारा अनुपालन नहीं करने के समाचार को भी प्रमुखता से छापा है। **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने भारतीय नौसेना द्वारा सेकेण्डरी स्कूल दिलानीपुर में सामाजिक जिम्मेदारी गतिविधि चलाए जाने के समाचार को अपने पहले पन्ने में जगह दी है। **द इको ऑफ इंडिया** ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कनेक्टिविटी में सुधार के मद्देनजर रामनगर गांव में जीओ मोबाइल टावर स्थापित करने के समाचार को अपनी पहली हेड लाईन बनाया है, जबकि आर जी पी आर एस द्वारा विम्बर्लीगंज में ग्राम स्वराज यात्रा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को **इंफो इंडिया** ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>